हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



## खबर संक्षेप



### छड़िया में न्योता भोज का आयोजन

**खरोरा** । शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर द्वारा अपनी पुत्री भूमिका के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों ने खीर, पूरी, फल एवं मिठाई सहित विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया। आयोजन में विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा, शिक्षकगण संगम कुमार मन्नाडे, भारती तांती, मानसी और मेहमान स्वरूप पधारे प्राथमिक विद्यालय छड़िया के शिक्षक प्रवीण कुमार साहू उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय की शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नकुल राम वर्मा एवं ग्राम की सरपंच सरिता उगेंद्र देवांगन ने भी सम्मिलित होकर भूमिका को जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं तथा शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर एवं विद्यालय परिवार को सफल आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

### चाकू लेकर घूम रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद**। पिथौरा पुलिस ने चाकू लेकर घूम रहे एक युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद शहीद भगत सिंह खेल मैदान पहुंचकर एक युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम कमलेश चौहान पिता रामधारी चौहान (25 साल) निवासी ग्राम कौहाकुडा थाना पिथौरा होना बताया। युवक से अवैध रूप से गुप्तीनुमा धारदार चाकू रखने के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने कमर के पीछे छुपाकर रखे एक स्टील का गुप्तीनुमा धारदार चाकू म्यान सहित पेश किया।

पेज 11 का शेष

### चितावर धाम में ...

शुरू होकर 30 सितंबर तक चलेगा।मंदिर समिति के अनुसार नवरात्रि के नौ दिनों तक प्रतिदिन माता रानी की आरती, भजन-कीर्तन, रामायण पाठ और प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। भक्तजन सुबह से ही मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे और संध्या समय विशेष धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस बार महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में रामचरितमानस पाठ, पंडवानी, देवी झांकी और महाआरती शामिल हैं। 27 सितंबर को आयोजित होने वाली विशाल भजन संध्या में क्षेत्र के ख्यात कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं,1 अक्टूबर को हवन-पूजन और कन्या भोज के साथ महोत्सव का विधिवत समापन होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति ने अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा और स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की जाएगी। ग्रामीणों ने अधिक से अधिक संख्या में भक्तों से शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। चितावर धाम में होने वाला यह नवरात्रि महोत्सव धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिल रहा है। वही मनोकामना ज्योति कलश के लिए तेल 701 रुपए एवं घी 1001 रुपए दर निर्धारित किया गया है ।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कसडोल, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**उपस्थिति हेतु सूचना**

ऑनलाइन प्रकरण क्रमांक- 202507211300103/ अ-27/ 2024-25

पुन्नी लाल पिता स्व. अन्तु यादव, साकिन कसडोल तहसील कसडोल जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

विरूध्द

(01) गोविन्दा पिता लुटू उर्फ रमेश यादव (02) गोपी पिता लुटू उर्फ रमेश यादव (03) रूपकुंवर पिता लुटू उर्फ रमेश यादव (04) बिन्दा बाई पिता लुटू उर्फ रमेश यादव (05) नीता बाई पिता लुटू उर्फ रमेश यादव (06) गीता बाई पिता लुटू उर्फ रमेश यादव (07) राम बाई पिता लुटू उर्फ रमेश यादव सभी निवासी कसडोल, तहसील कसडोल, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

प्रति,

**01.गोविन्दा, 02. नीता बाई, 03. गीता बाई पिता लुटू उर्फ रमेश यादव जाति रावत निवासी कसडोल तहसील कसडोल जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि, इस न्यायालय में पुन्नी लाल पिता स्व. अन्तु यादव साकिन कसडोल तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय के ऑनलाईन राजस्व प्रकरण क्रमांक- 202507211300103/ अ-27 2024-25 के विरूध्द अपील आवेदन पेश किया गया है, जिसमें उपस्थिति हेतु नियत है।

इस न्यायालय के उक्त प्रकरण में उपस्थिति हेतु दिनांक 25/09/2025 को नियत किया है, जिसमें आप अपना पक्ष रखने के लिये स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्याम से अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कसडोल में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है, नही तो एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी,

तदुनसार आज दिनांक 18/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कसडोल**

# सोलर सिस्टम से रोशन हुआ घर, खत्म हुआ बिजली बिल का बोझ


## पीएम सूर्यघर योजना से मिली राहत, प्रतिभा वर्मा ने बताई अपनी कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से प्रतिभा वर्मा को अब बिजली बिल की राशि जमा करने के बोझ से मुक्ति मिली है। योजना के तहत अपने घर के छत में सोलर पैनल लगवाकर सौर ऊर्जा से बिजली का उपयोग कर रहे हैं। लक्ष्मण विहार कॉलोनी, बलौदाबाजार की रहने वाली प्रतिभा वर्मा पति बृजभूषण वर्मा बताते हैं कि वे लंबे समय से बिजली के भारी-भरकम बिलों से परेशान थीं।

- केंद्र व राज्य सरकार की सब्सिडी ने साकार किया स्वच्छ ऊर्जा का सपना

तभी दुर्ग में रहने वाली उनकी बहन ने उन्हें पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में बताया। बहन के घर पर सोलर सिस्टम पहले से लगा हुआ था और उसके अनुभव को सुनकर उन्हें भी इस योजना से जुड़ने की प्रेरणा मिली। जुलाई महीने में उन्होंने अपने घर पर 3 किलोवॉट का सोलर सिस्टम लगवाया। इसके बाद से बिजली बिल का बोझ लगभग खत्म हो गया और अब वे निश्चिंत होकर स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं। इस योजना के तहत केंद्र सरकार से उन्हें 78 हजार रुपये की सब्सिडी मिली, वहीं राज्य सरकार से अतिरिक्त 30 हजार रुपये की सहायता प्राप्त हुई।



### हर महीने बचत, और पर्यावरण को भी फायदा

प्रतिभा वर्मा बताती हैं कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की आभारी हैं जिन्होंने आम लोगों को राहत देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह ऐतिहासिक पहल की है। उनका कहना है कि यह योजना हर घर के लिए बेहद फायदेमंद है और सभी को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। वह अपील करती हैं कि लोग भी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घरों में सोलर सिस्टम जरूर लगवाएं, क्योंकि यह न केवल बिजली के बिल से मुक्त करता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने में भी योगदान देता है।

## 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी काबिलियत का दिया प्रदर्शन

# जिला स्तरीय बालक क्रिकेट चयन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी में जिला स्तरीय 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालकों की क्रिकेट चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। मुख्य अतिथि सुशील जांगड़े ने खिलाड़ियों को खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवा प्रतिभाओं को मेहनत और समर्पण के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता में आरंग, तिल्दा, अभनपुर और धरसीवां के चयनित खिलाड़ी, कोच एवं मैनेजर उपस्थित थे। प्राचार्य सीमा मेश्राम और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। प्रतियोगिता का संचालन भोजराम मनहरे ने किया, जबकि पुष्कर साहू ने आभार व्यक्त किया। सुशील जांगड़े ने कहा कि खेल सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मानसिक परिपक्वता और कैरियर निर्माण का सशक्त माध्यम है। इस आयोजन से न केवल खिलाड़ियों को प्रदर्शन का मौका मिला बल्कि उन्हें आगे आने और खेल को अपनाने की प्रेरणा भी मिली।



### खेल को कैरियर के रूप में अपनाने की दी गई प्रेरणा

यह जिला स्तरीय क्रिकेट चयन प्रतियोगिता बालकों को खेल के प्रति जागरूक करने और प्रतिभा की खोज के लिए आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को खेल को कैरियर के रूप में अपनाने की प्रेरणा देने पर जोर दिया गया। यह आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी, विकासखंड तिल्दा में हुआ। मुख्य अतिथि सुशील जांगड़े, जनपद सभापति प्रतिनिधि ने युवाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से बड़ी संख्या में खिलाड़ी, कोच और मैनेजर उपस्थित थे।

### एमजे टीम ने जीता सिमगा क्रिकेट लीग सीजन-3 का खिताब



**सिमगा**। गीता पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में आयोजित सिमगा क्रिकेट लीग सीजन-3 का रोमांचक फाइनल एमजे की टीम ने जीतकर अपने नाम किया। ड्यूस बॉल पर खेले गए इस फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया और 6 से 17 सितंबर तक 20 मुकाबले खेले गए।फाइनल में एमजे के कप्तान अगम कोहली ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। जेसीसी की टीम ने राहुल कोस्टा (34) और गौतम रघुवंशी (37) की शानदार पारियों से 20 ओवर में 135 रन बनाए। जवाब में शुरुआती झटकों के बावजूद राजा साहिल और राजकुमार राय ने टीम को संभाला। अंतिम ओवरों में वी. वैभव (12 गेंद पर 33 रन) और आयुष वर्मा (10 गेंद पर 22 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से एमजे की टीम ने तीन विकेट से जीत दर्ज की। गुरजोत सिंह संधू ने 19 रन देकर 3 विकेट लिए और मैन ऑफ द मैच चुने गए। मनोज कुमार नायक और जेसीसी के चंद्रशेखर को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। बेस्ट बॉलर गुरजोत संधू, बेस्ट बैटर करण तिवारी, बेस्ट फील्डर आलोक कुमार सहित अन्य खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। विजेता टीम को स्व. बसंतमल पंजवानी की स्मृति में 2 लाख रु एवं कप तथा उपविजेता जेसीसी को 1 लाख रु का पुरस्कार प्रदान किया गया।पुरस्कार वितरण समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप राजू भाटिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, प्रतिष्ठित व्यवसायी कन्हैया लाल पंजवानी, दुर्गादास लालवानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों के लिए ड्रेस, ठहरने और भोजन की व्यवस्था की थी। चेयरमैन अत्री शर्मा, अध्यक्ष मनोहर पंजवानी और सचिव सौरभ दुबे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी का आभार व्यक्त किया।

# 9वीं कक्षा की 17 बालिकाओं को वितरित की गई साइकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शासकीय हाईस्कूल मूरा में शासन द्वारा संचालित निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस योजना के तहत कक्षा 9वीं की 17 बालिकाओं को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच कंचन टोकेन्द्र गायकवाड, उपसरपंच संतोषी जगदीश वर्मा, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष केवरा वर्मा, विधायक प्रतिनिधि पुरुषोत्तम, अस्तित्व फाउंडेशन की निदेशक अनुपम दिवान मिश्रा, प्राचार्य गुलाब विश्वकर्मा तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से साइकिल वितरित की।

इस अवसर पर अस्तित्व महिला साक्षरता एवं सशक्तिकरण संस्थान रायपुर, छत्तीसगढ़ की बोर्ड डायरेक्टर अनुपम दिवान मिश्रा ने विद्यालय भवन की बिजली आपूर्ति के लिए 1 लाख का चेक भी भेंट किया। कार्यक्रम में डॉ. जगदीश वर्मा, संतोष साहू, राधेलाल निर्मलकर, सरिता वर्मा, उषा वर्मा, अंजू वर्मा, सुमन अजय दिवाकर, पंचगण डॉ. व्यास नारायण आर्य, राजकुमार शुक्ला, शैल देवांगन, व्याख्याता गण एस.आर. बर्मन, ममता साहू, मीना सिरमौर, यशोदा वर्मा, प्रीति तिवारी, रोहिणी मिरी, सुबेसिंह ध्रुव, के.के. वर्मा, मोहित कुर्रे, नारायण साहू, खोमिन ध्रुव सहित , समन्वयक हेमन्त वर्मा, बी.एड. प्रशिक्षार्थी प्रेमशीला पाल, बसंत धीवर तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बरौंडा मे अवैध शराब बिक्री बंद

**बंगोली** । खरोरा थाना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरौंडा मे अवैध शराब की बिक्री कई वर्षों से हो रही थी । जिसको लेकर सरपंच नीलूप्रदीप मढ़रिया पंचायत परिवार के समस्त पंच व ग्रामवासी समय समय पर अर्थदंड की कार्यवाही भी की है परंतु कुछ दिन बाद पुनःअवैध शराब की बिक्री चालू हो गया । अवैध शराब बिक्री को लेकर खरोरा थाना में दर्जनभर शिकायत दर्ज है लेकिन कार्यवाही कागज मे ही सिमट कर रह गया । अंततः अवैध शराब को लेकर समस्त ग्रामवासी पुनःएक साथ लामबंद होते हुए अवैध शराब बंद करने हेतु अवैध शराब बेचने पर 25 हजार की अर्थदंड तथा बताने वाले को 10 हजार की राशि से सम्मानित किया जायेगा तथा खरीदने वाले को 15 हजार की राशि अर्थदंड लिया जायेगा एवं शराब पीकर गली मोहल्ले में हुल्लड़ या गाली गलौज करने पर 10 हजार की राशि अर्थदंड के रूप मे जमा करना होगा । इस बनाये गये व्यवस्था को भंग करने या नही मानने वालों को ग्राम पंचायत से मिलने वाले लाभ से वंचित होना पड़ेगा ।

# साहू समाज अर्जुनी परिक्षेत्र का चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



अर्जुनी परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव 18 सितम्बर 2025, गुरुवार को दुर्गा चौक साहू धर्मशाला, अर्जुनी में आयोजित हुआ। चुनाव प्रक्रिया का संचालन मुख्य चुनाव अधिकारी ताराचंद साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी सेवकराम साहू व लक्ष्मी साहू ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय साहू, मुरारी साहू, तहसील अध्यक्ष प्रेमनारायण साहू सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

अध्यक्ष पद हेतु रामनारायण साहू, उपाध्यक्ष पद हेतु टीकाराम साहू, संगठन सचिव पुरुष हेतु कृष्ण कुमार साहू, महिला उपाध्यक्ष हेतु चित्ररेखा साहू, संगठन सचिव महिला हेतु उषा साहू तथा मनोनीत उपाध्यक्ष हेतु गायत्री साहू ने नामांकन दाखिल किया। किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया, जिसके कारण सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव घोषणा के बाद उपस्थित समाजजनों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्षों, पूर्व पदाधिकारियों एवं समाज के सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान, संगठन की मजबूती और युवा पीढ़ी को जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन आशीर्वचन एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बलौदाबाजार**। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की ओर से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत रविवार सुबह गार्डन चौक स्थित अटल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह 7 बजे से शुरू हुए इस अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने परिसर और आसपास के क्षेत्र की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के धार जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा का सीधा प्रसारण जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने देखा। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी, टेसूलाल धुरंधर, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, जिला महामंत्री विजय यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष सुनीता वर्मा, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, नरेश केसरवानी, नीलम सोनी, सुशील वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर अटल परिसर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने का आह्वान किया।

### निफा के सिल्वर जुबली में दीपक पटेल हुए चयनित



**अमेरा** । कला, संस्कृति और सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने वाली संस्था निफा (नेशनल इंटीग्रेशन फॉर आर्टिस्टिक्स एंड एक्टिविस्ट), जिसके नाम 6 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं, अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रही है। इस अवसर पर संस्था का सिल्वर जुबली समारोह राजधानी दिल्ली स्थित "भारत मंडपम" में आयोजित होगा। समारोह में देशभर के प्रत्येक जिले से एक महिला और एक पुरुष को सम्मानित किया जाएगा।बलौदाबाजार जिले के ग्राम पंचायत लाहोद से चयनित प्रतिभागी दीपक पटेल को छत्तीसगढ़ी भाषा और मतदान जागरूकता के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए चुना गया है।

# रजत जयंती के अवसर पर दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





रजत जयंती के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार में नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नशामुक्ति अभियान एवं नई दिशा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़-नाटक के माध्यम से नशा से होने वाले दुष्प्रभाव को परिलक्षित किया गया एवं नशामुक्ति शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में रंगोली, भाषण एवं नुक्कड़-नाटक में विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय पुरस्कार प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में सीएसपी लेखाम सिंह एवं एयरटेल पेमेंट बैंक के शलभ पाण्डेय ने साइबर क्राइम एवं साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान दिये। काउंसलर नशामुक्ति केन्द्र बलौदाबाजार नितिन सिंह तथा पियर एजुकेटर विजय भोयर ने नशे से होने वाले दुष्परिणामों एवं नशा मुक्ति केन्द्र के माध्यम से नशे की लत छुड़ाने के बारे में जानकारी दी। आरिफ खान डायरेक्टर वेदास इंस्टीट्यूट रायपुर भिलाई के द्वारा गाइडेन्स काउंसलिंग पर सत्र लिया गया। कार्यक्रम में उप संचालक सिनीवाली गोयल एवं विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साइक्लोथॉन 'टूर द बलौदा" में पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**बलौदाबाज़ार** । छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष और विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बलौदाबाज़ार में आगामी 28 सितंबर को होने वाले साइक्लोथॉन 'टूर द बलौदा' को प्रदेशवासियों का बहुत अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। साइक्लोथॉन में भाग लेकर लाखों क़ा ईनाम जीतने का सुनहरा अवसर प्राप्त करने के लिए पंजीयन कराना जरूरी है। पंजीयन की अंतिम तिथि 20 सितम्बर 2025 है। अब तक साइक्लोथॉन हेतु 620 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया है जिसमें से 150 से अधिक प्रतिभागी बलौदाबाजार जिले के बाहर से हैं। कलेक्टर दीपक सोनी ने प्रदेशवासियों खासकर खेल से जुड़े लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में साइक्लोथॉन में शामिल हो। उल्लेखनीय है कि एक भव्य साइक्लोथॉन टूर द बलौदा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 18 वर्ष से अधिक आयु के महिला और पुरुष साइक्लिस्ट शामिल हो सकते हैं। प्रतियोगिता की पहली श्रेणी में ज़िले के निवासी और दूसरी श्रेणी में अन्य ज़िले अथवा राज्य के निवासी शामिल हो सकते हैं। दोनों श्रेणियों में महिला एवं पुरुष वर्ग में पृथक-पृथक पुरस्कार दिए जायेंगे।

- अब तक 620 से अधिक लोगों ने कराया पंजीयन



हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

10 रजत जयंती के अवसर पर दिलाई गई नशामुक्ति...



12 भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ...





# सरकीपार एवं पिपराही की महिलाएं सीमेंट संयंत्र की कार्यप्रणाली से हुईं रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने हेतु अल्ट्राटेक कुकुरदी सीमेंट संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा ग्राम पंचायत सरकीपार एवं उसके आश्रित ग्राम पिपराही की महिला प्रतिनिधियों का जागरूकता भ्रमण शुक्रवार 19 सितंबर को संयंत्र परिसर में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी के दिशा-निर्देश तथा एचआर प्रमुख प्रतीक भटनागर और जितेंद्र सिंह तनवर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सरकीपार की सरपंच महेश्वरी राकेश वर्मा के नेतृत्व में उपसरपंच बिंदेश्वरी वर्मा एवं पंच हेमपुष्पा टंडन, नीतू ध्रुव, मंजू पुरेना व यामिनी मांडले ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान महिला प्रतिनिधियों का स्वागत संयंत्र की महिला कर्मचारियों ने पुष्प भेंट कर किया। इसके बाद अतिथियों ने मंदिर में प्रार्थना की तथा संयंत्र की विभिन्न इकाइयों, संरचनाओं व निर्माण प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। सीएसआर विभाग ने अपनी विभिन्न सामाजिक गतिविधियों की जानकारी साझा की। भ्रमण उपरांत सरपंच महेश्वरी वर्मा ने इसे प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह अनुभव ग्राम की महिलाओं व बेटियों को समाज में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा तथा संयंत्र-पंचायत संबंधों को और मजबूत बनाएगा।

## महिला प्रतिनिधियों का अल्ट्राटेक संयंत्र में जागरूकता भ्रमण



### इनका रहा विशेष योगदान

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एचआर विभाग से अक्षायनी मोहंती, रितिका गौतम, रिम्पी यादव ईआर विभाग से मेघा पटनायक, अंजली वर्मा मैकेनिकल विभाग से सिमरन एवं माईस से तान्या पाल के साथ साथ ईआर विभाग प्रमुख अंतर्यामी समल, संतोष मिश्रा, अरूण पाठक, सुरक्षा विभाग से बलराम सिंह भाटि, संजीव मिश्रा एवं बृजेश दुबे, भूमि एवं विधि विभाग से कार्तिकेश बघमार तथा सीएसआर विभाग से राजेंद्र कुशवाहा व दया वर्मा का विशेष योगदान रहा।

## गांजा, शराब, हथियार जब्त; 21 पर लगा प्रतिबंध

# ऑपरेशन निश्चय 2.0 : तड़के सुबह 4 बजे 45 से अधिक ठिकानों पर दी गई दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

रायपुर रेंज में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा के निर्देशन में शुक्रवार को ऑपरेशन निश्चय 2.0 चलाया गया। इस अभियान के तहत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में तड़के सुबह 4 बजे से 20 अलग-अलग पुलिस टीमों ने एक साथ दबिश दी। अभियान में नशा तस्करी, अवैध शराब बिक्री, अवैध हथियार रखने और फरार आरोपियों पर तगड़ी कार्रवाई की गई। एसपी भावना गुप्ता के मार्गदर्शन और एएसपी अभिषेक सिंह एवं हेमसागर सिदार के नेतृत्व में 45 से अधिक ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान 4 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 15.48 किलोग्राम गांजा, 26 नशीले कैप्सूल और 20 टैबलेट जब्त की गईं। वहीं, अवैध शराब बेचने वाले 15 आरोपी गिरफ्तार कर उनके पास से 215 लीटर शराब जब्त की गई। इसके अतिरिक्त 3 आरोपियों को धारदार हथियार रखने के मामले में आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। वहीं, फरार चल रहे 10 आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर स्थायी वारंट तामील किए गए। 21 आरोपियों के विरुद्ध शांति भंग की आशंका में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। यह सघन अभियान पूरे जिले भर में एक साथ चलाया गया, जिससे अपराधियों में खलबली मच गई। पुलिस ने इस ऑपरेशन को आगे भी जारी रखने के संकेत दिए हैं।

## नशे के खिलाफ, बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई













### वारंटी और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा

इस ऑपरेशन में फरार 10 आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर वारंट तामील किया गया। साथ ही 21 आरोपियों को शांति व्यवस्था भंग करने के अंदेशे में गिरफ्तार किया गया। इससे साफ है कि पुलिस अब कानून-व्यवस्था के प्रति और भी अधिक सख्त रवैया अपना रही है।"ऑपरेशन निश्चय 2.0" के दौरान नशे के अवैध व्यापार में लिप्त 4 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। उनके पास से गांजा, नशीले कैप्सूल और टैबलेट बरामद किए गए। यह कार्रवाई पुलिस की नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाती है।

# नपा ने स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव - 2025 जीरो वेस्ट कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय जिला स्तरीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका द्वारा आयोजित श्रमदान के दौरान स्टेडियम में बने वॉलीबॉल ग्राउंड एवं टेनिस क्रिकेट ग्राउंड के साथ आसपास के कचरा एवं बारिश में उगे खरपतवार कटीली झाड़ियों की सफाई का कार्य किया गया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप रजत जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत कार्यक्रम में श्रमदान करने व जनजागृति हेतु स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव-2025 : अधिकारी-कर्मचारी एवं समाजसेवियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

स्वच्छता कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारी गण व कर्मचारियों के साथ-साथ समाज सेवा एवं सफाई कार्यों से जुड़े लोगों ने अपना सहयोग दिया, इसके साथ ही मनी कंचन केंद्र की स्वच्छता दीदियों ने श्रमदान कर सफाई का कार्य किया मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने श्रमदान के दौरान यह भी अपील की नगर वासी अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखने के साथ-साथ स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण कार्य से स्वयं को जोड़कर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे हमारा नगर साफ एवं स्वच्छ रहे व स्वच्छता कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### 5 लाख सामुदायिक भवन का हुआ भूमि पूजन



**मुंडा**। ग्राम पंचायत बरदा की बस्ती जैतखाम के पास सामुदायिक भवन का छत्तीसगढ़ जिला प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सौजन्य से 5 लाख का भूमि पूजन किया गया। जिसमें सम्मिलित बरदा के सरपंच देव कुमारी बंजारे, सरपंच प्रतिनिधि दुकालू बंजारे, जिला महामंत्री विजय यादव, उप सरपंच अनिता विकास बाधे, पंच आनंद दास कुर्रे, सपना कोसले भुनेश्वरी मधुकर, भाव सिंह, जालिम, हीरादास, व ग्राम वासी सम्मिलित रहे।

### राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए निष्ठा चयनित



**खरोरा**। मुंगेली में 16 से 19 सितंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खरोरा की छात्रा निष्ठा त्रिपाठी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 बालिका वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन सुनिश्चित किया। निष्ठा ने पांच में से चार मैच जीतकर 4 अंक हासिल किए। अब वह दिसंबर में झारखंड, रांची में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनके इस चयन पर विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकगण, शाला प्रबंधन समिति एवं नगर पंचायत प्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं दीं। परिवार और कोच ने निष्ठा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बिना सूचना के स्कूल बंद, शिक्षक रहे नदारद



**हथबंद** । सिमगा विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय धोधा में विश्वकर्मा जयंती के दिन स्कूल को समय से पहले बंद कर दिया गया बच्चों से पूछने पर पता चला कि उस दिन कोई शिक्षक विद्यालय में उपस्थित नहीं हुए थे, जिसके कारण उन्हें छुट्टी दे दी गई। गांव के सरपंच को भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जब शिक्षा विभाग के अधिकारि से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने भी इस घटना की जानकारी से अनभिज्ञता जताई। प्रधानअध्यापक वीरेंद वर्मा से जानकारी लेने पर छुट्टी म होना बताया, वहीं एकमात्र उपस्थित शिक्षक संतोष साहू ने बताया कि तीनों क्लास के बच्चे को अकेला नहीं संभाल पाने के चलते उन्होंने बच्चों को छुट्टी दे दी।

### मारपीट, अलग-अलग मामलों में रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम मुनगाडीह में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पहले पक्ष की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने बताया प्रार्थी नरेश कुमार लहरे पिता दुजराम लहरे मुनगाडीह ने एफआईआर कराया है कि वह 17 सितंबर के करीबन 7.30 बजे रात को काम करआते समय उपरापारा गली के पास कुत्ते को बांध कर रखने के लिए कहने पर आरोपी बेगम यादव, राजेश यादव, समारू यादव द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# आईटीआई में लगा रक्तदान शिविर, 20 ने किया रक्तदान




**बलौदाबाजार** । सेवा पखवाड़ा के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदाबाजार में शुक्रवार को रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न ट्रेड के 20 युवाओं ने रक्तदान कर सामाजिक दायित्व निभाया जिससे 20 यूनिट रक्त की प्राप्ति हुई। कार्यक्रम में संस्था के एलएडी तिरपुड़े, इंडियन रेडक्रास सोसायटी बलौदाबाजार के पदाधिकारी, प्रभारी प्रशिक्षण अधीक्षक परमानंद गौड, कार्यक्रम संयोजक भूपेन्द्र सिंह वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# चितावर धाम में नवरात्रि महोत्सव 22 सितंबर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रवन

ग्राम पंचायत मुसवाडीह (मोहरा) के पावन स्थल चितावर धाम में इस वर्ष भी भव्य नवरात्रि महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। जय चितावर मंदिर विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासी भालुकोना (मोहरा) के सहयोग से आयोजित यह धार्मिक आयोजन 22 सितंबर से ⏩ शेष पेज 10 पर

- रामायण पाठ, भजन संध्या और पंडवानी कार्यक्रम रहेंगे आकर्षण का केंद्र



# शिक्षकों की कमी से जूझ रहा खैन्दा हायर सेकेंडरी स्कूल, छात्र शिक्षा से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुड़ा

ग्राम खैन्दा का हायर सेकेंडरी स्कूल जिसे 14 वर्ष पूर्व हाई स्कूल से उन्नयन किया गया था, आज भी शिक्षकों की भारी कमी का सामना कर रहा है। लवन से 5 किमी दूर स्थित यह विद्यालय खैन्दा के साथ-साथ ढाबाडीह, ब्रम्हनपुरी और बगबुड़ा के सैकड़ों छात्रों के लिए शिक्षा का प्रमुख केंद्र है। बावजूद इसके, यहां केवल तीन शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि हिंदी, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान के शिक्षक अब तक नियुक्त नहीं हुए हैं।

- 14 वर्षों बाद भी हिंदी, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान के शिक्षक पद रिक्त



जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अंतराम वर्मा ने बताया कि शिक्षकों की कमी के कारण शिक्षा का स्तर गिर रहा है। मजबूर होकर कई छात्र-छात्राएं बीच में ही विद्यालय छोड़कर अन्य स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के बाद भी इस विद्यालय में रिक्त पदों की पूर्ति नहीं की गई, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीण ओमप्रकाश वर्मा, गोविंद वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा और हरनारायण वर्मा ने कलेक्टर दीपक सोनी को आवेदन देकर जल्द से जल्द शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की है।

## विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था कार्यक्रम का उद्देश्य

# मिडिल स्कूल अर्जुनी में हुई निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सेवा पखवाड़ा 2025 के अवसर पर गुरुवार को वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में शासकीय माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनमें संरक्षण की भावना विकसित करना रहा।

प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सृजनात्मकता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। धमनी में स्वच्छता अभियान-धमनी ग्राम को ईको-पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित करने के प्रयासों के अंतर्गत स्थानीय समुदाय और वन विभाग द्वारा सेवा पर्व के अवसर पर स्वच्छता अभियान संचालित किया गया।



### आसपास के क्षेत्र में की गई साफ-सफाई

अभियान के अंतर्गत शिवालय एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की गई तथा जंगल में बिखरे अपशिष्ट सामग्रियों को एकत्र कर निपटान किया गया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि क्षेत्र को स्वच्छ और आकर्षक बनाए रखने हेतु नियमित सफाई, चेतावनी पोस्टर और आगंतुकों को जागरूक करने की पहल की जाएगी। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी वसंत खांडेकर, प्रशिक्षु रेंजर सिमरन साहू, रूपेश्वरी दीवान, मीनाक्षी साहू एवं डब्बू साहू सरपंच, वन प्रबंधन समिति के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**बलौदाबाजार** । संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर पीएस ध्रुव ने शुक्रवार को राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईव्हीएम की रखरखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूपेश वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मडावी, एसडीएम प्रकाश चन्द्र कोरी, नायब तहसीलदार अक्षय तिवारी, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से लखेश साहू, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि नरेश केशरवानी, राकेश धुरव, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि देवेन्द्र पात्रे, जिलाध्यक्ष यूथ आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि भुनेश्वर सिंह, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रतिनिधि सुशील बंजारे एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।




# भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता की ये आवाज हैः इन्द्र साव

## भाटापारा में युवा कांग्रेस ने निकाली मशाल रैली, विधायक इन्द्र साव हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

वोट चोर गद्दी छोड़ नारों के साथ युवक कांग्रेस ने गुरुवार को एक विशाल मशाल रैली निकाली और कांग्रेस भवन के पास सरकार का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में शामिल विधायक इन्द्र साव ने कहा कि अगर प्रदेश और देश में वोटो की चोरी नहीं हुई होती तो देश और प्रदेश की परिस्थितियां ही कुछ अलग होती। इस विशाल मशाल रैली में काफी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए।

इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य सहित देश के विभिन्न प्रांतों में वोट चोरी की बाते आ रही है उसमें पूरी तरह सच्चाई है। हमारे नेता राहुल गांधी जी के पास देश के अनेक राज्यों से वोट चोरी होने की जानकारी शिकायत आ रही है उससे स्पष्ट है कि अगर भाजपा वोट चोरी नहीं कराई होती तो छत्तीसगढ़ राज्य में वापस कांग्रेस की सरकार होती है देश की परिस्थिति भी बदली हुई रहती।



### जनता की आवाज और संघर्ष का प्रतीक है ये मार्च

विधायक साव ने कहा कि वोट की चोरी प्रजातांत्रिक देश में लोकतंत्र की ताकत को कमजोर करने का काम भाजपा कर रही है और चुनाव आयोग भी कुछ नहीं कर पा रहा है। प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए विधायक श्री साव ने कहा कि जगह जगह अवैध शराब बिक्री और बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर जनता को परेशान करने का काम प्रदेश सरकार कर रही है, आज हुआ यह मार्च जनता की आवाज और संघर्ष का प्रतीक है। इसके पूर्व युवक कांग्रेस के नेतृत्व में नगर के दानवीर भामाशाह चौक से मशाल रेली निकाली गई जो कि महतारी चौक होते हुए महात्मा गांधी चौक मे सरकार का पुतला दहन किया गया।

**बड़ी संख्या में शामिल हुए कांग्रेसीः** इस मशाल रैली में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे, ईश्वर सिंह ठाकुर, राजकुमार शर्मा, आलोक मिश्रा, रोशन हबलानी, दिवाकर मिश्रा, अजित बाजपेयी, अमर मंडावी, अरुण यदु, चंद्रशेखर चक्रधारी, अजय ठाकुर, प्रमोद पाल आदि बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस साथी गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### आदर्श स्कूल में शिक्षिका ने कराया न्यौता भोज

**सिमगा।** शासकीय आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला सिमगा में विद्यालय की शिक्षिका कुमारी मनीषा पांडे ने अपने पितरों की शांति के लिए अपने पिता स्वर्गीय रमेश पांडे की स्मृति में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यामिक के समस्त विद्यार्थियों को न्योता भोज कराया। न्योता भोज में खीर जलेबी पूड़ी दाल चांवल छोले की सब्जी टमाटर की चटनी पापड़ सलाद अचार स्वादिष्ट भोजन का छात्रों ने लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, वार्ड पार्षद विष्णु जायसवाल, पार्षद अविनाश दास, पूर्व एल्डर मैन दीनबंधु शर्मा, बीईओ डी एस ठाकुर, एबीईओ राकेश सिंह, ध्रुव सर एवं विकासखंड श्रोत समन्वयक किरण वर्मा, संकुल प्राचार्य आशीष शर्मा, संकुल समन्वयक सत्यव्रत मिश्रा, आशुतोष शर्मा, सुनील सोनी शिक्षक परिवार उपस्थित रहे।

### परसाडीह में क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**महासमुंद।** ग्राम परसाडीह (तुमगांव) में जेएमके स्टार इलेवन क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत्वाधान में ग्राम स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 20 सितंबर शनिवार से किया गया है। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए, द्वितीय 7001 रुपए एवं तृतीय 5001 रुपए व शील्ड प्रदाय किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी खेमराज ध्रुव, योगेश ध्रुव एवं गजेंद्र ध्रुव ने संयुक्त रूप से दी है।

### गाय को दूसरी जगह बांधने कहा तो कर दी मारपीट

**महासमुंद।** गाय को दूसरी जगह बांधने के लिए कहने पर एक व्यक्ति ने अपने छोटे भाई से मारपीट कर दी। मामला बसना थाना क्षेत्र के ग्राम जातापारा का है। बसना पुलिस को प्रार्थिया सफेद बाई ग्राम जातापारा ने बताया कि 18 सितंबर की सुबह लगभग 8 बजे अपने पति जयराम पटेल के साथ घर पर थी, हम लोग अपनी घर बाड़ी में टॉयलेट रूम बना रहे हैं। बाड़ी में उसके जेठ संतराम पटेल ने अपनी गाय को बांधा है, जिसकी रस्सी काफी थी, जो निर्माणाधीन टॉयलेट रूम के लिए खोदे गए गड्ढे के पास बार-बार आ रही थी। गड्ढे में गिरकर धंस जाने की आशंका से उसके पति जयराम पटेल ने जेठ संतराम पटेल को गाय को दूसरे जगह बांधने कहा, लेकिन जेठ ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए गाय को नहीं हटाउंगा कहते हुए अपने हाथ में रखे लकड़ी के डंडे से जयराम पटेल से मारपीट करने लगा।

## मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत पौधारोपण, मरीजों को बांटे फल और बिस्किट

# सेवा कार्यों और उत्साह के साथ नवापारा हथबंद मंडल ने मनाया मोदी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर नवापारा हथबंद मंडल ने "सेवा पखवाड़ा" के अंतर्गत विभिन्न सेवा गतिविधियों के साथ उत्साहपूर्वक जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान धार (मप्र) से प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्र के नाम लाइव संबोधन का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल और विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा के नेतृत्व में किया गया।

सेवा कार्यक्रमों की शुरुआत रक्तदान शिविर से हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल और बिस्किट वितरित किए गए। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच फल बांटे गए, जिससे उनमें प्रसन्नता देखने को मिली। पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु "मां के नाम एक पेड़" अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। वहीं, राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर शिशुओं, गर्भवती महिलाओं और माताओं को पोषण संबंधी जानकारी दी गई। आयुर्वेदिक औषधालय की टीम ने सभी को आयुर्वेदिक चाय पिलाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।



### सेवा पखवाड़ा में भाटापारा के मुक्तिधाम परिसर में चला स्वच्छता अभियान

भाटापारा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नगर मंडल भाटापारा में हथनीपारा एवं मुंशी स्माइल वार्ड स्थित मुक्तिधाम परिसर में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और परिसर को स्वच्छ बनाना था।



कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे मुक्तिधाम परिसर में सफाई कार्य से हुई। वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने हथनीपारा मुक्तिधाम में श्रमदान करते हुए कहा कि सेवा ही संस्कार और स्वच्छता ही संकल्प है। स्वच्छता केवल सफाई नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से इस अभियान को अपने जीवन का हिस्सा बनाने और स्वच्छ भारत सपने को साकार करने का आह्वान किया। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा की स्वच्छ भारत का संकल्प तभी सार्थक होगा जब हम सभी श्रमदान और स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत और अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सेवा के जरिए जन्मदिन का अभिनव उत्सव

नवापारा हथबंद मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि जनसेवा के अवसर के रूप में मनाया। रक्तदान, फल वितरण, पोषण जागरूकता और पौधारोपण जैसे कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश गया कि सेवा ही सबसे बड़ा उपहार है।

### जनप्रतिनिधियों ने निभाई सक्रिय भूमिका

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन धीगड़े, महामंत्री युगल किशोर वर्मा, प्रेमलता वर्मा, सरपंच ढालेश्वरी अनंत, धन्ना निषाद, धनेश्वरी वर्मा सहित कई पंचायत प्रतिनिधि, मंडल पदाधिकारी, महिला समूह और आम नागरिकों की भागीदारी रही। सभी ने प्रधानमंत्री की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में लगा स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिसदा की टीम द्वारा शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किशोरी बालिकाओं का स्वाथ्य परीक्षण करते हुए सिकलिंग एवं हीमोग्लोबिन इत्यादि की जांच की गई। इस दौरान किशोरियों को उनके ज्ञानवर्धन के लिए माहवारी स्वच्छता, एनीमिया, मानसिक रोग, नशा इत्यादि से दूरी विषयों पर स्वास्थ्य परिचर्चा करते हुए स्वाथ्य क्विज का आयोजन भी किया गया।



जिसके अंतर्गत उनसे सामान्य बीमारियों एवं सामान्य स्वास्थ्य संबंधित जानकारी पर विभिन्न प्रश्न पूछे गए। उल्लेखनीय है कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा रजत जयंती के उपलक्ष में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा विभिन्न स्तरों पर अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं की विशेष रूप से स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता हेतु कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. अविनाश केसरवानी, शशिलता आजाद, दुर्गेश साहू, प्राचार्य तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## खरोरा में हुआ वार्षिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**खरोरा ।** रेड रिबन क्लब स्व.रामप्रसाद देवांगन शास. महाविद्यालय, खरोरा के तत्वावधान में वार्षिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पार्पण, गुलाल लगाकर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ बाल्मीकि साहू ने रेड रिबन क्लब के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उसके महत्व को रेखांकित किया। रेड रिबन क्लब के माध्यम से लोगों में एड्स के साथ बी पी, शुगर के प्रति भी जागरूकता लाना जरूरी है। एड्स के कारणों, बचाव एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई। एड्स हेल्पलाइन नंबर 1097 के माध्यम से भी अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एड्स जानकारी ही बचाव है। इस अवसर पर अनेक स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## हथबंद में नशामुक्ति व स्वच्छता पर हुई जागरूकता कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना, इको क्लब, भारत माता वाहिनी हथबंद के संयुक्त प्रयास से कार्यशाला आयोजित कर संस्था के प्राचार्य सी के नायक द्वारा नशा से दूर रहने एवं नशा मुक्त समाज के लिए संकल्प दिलाया गया। भारत माता वाहिनी हथबंद की विद्या वर्मा ने सभी छात्र एवं छात्राओं को नशा से हो रहे दुष्परिणाम की जानकारी दी।

- राष्ट्रीय सेवा योजना, इको क्लब और भारत माता वाहिनी के संयुक्त प्रयास

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब के प्रभारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्कूल परिसर के साथ अपने गांवों में भी स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ समाज की निर्माण आगे आने की अपील की । श्री त्रिवेदी ने बताया कि नशा समाज की एक ऐसी बीमारी है जो बिना आग लगाए घर में आग लग जाती हैं जिस आग में माँ बहन बेटियां सहित पूरा परिवार जलते रहता है । इस नशा रूपी आग से समाज को बचाने के लिए युवा छात्र-छात्राओं को आगे आने की अपील की ।



**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में भारत माता वाहिनी के सविता बंधे, तारणि ध्रुव, आरती जांगड़े, कामनी निषाद, मीना चतुरे राष्ट्रीय सेवा योजना के दल नायक मीनाक्षी कोसले, मुस्कान चतुरे, माई भारत संयोजक खुशबू पाल, मुस्कान चतुरे, इको क्लब के दल नायिका लक्ष्मी साहू, दल नायिका सेजल मनहरे सहित छात्र-छात्राएं एवं से शिक्षक गण उपस्थित रहे

## भटगांव में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्युज ▶▶| भटगांव

17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले "स्वच्छता ही सेवा 2025" अभियान का शुभारंभ आज नगर पंचायत अध्यक्ष माननीय विक्रम कुर्रे द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय से स्वच्छता शपथ दिलाई तथा स्वच्छता रैली के लिए हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता वाहन को रवाना किया। यह रैली नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर बिर्रा रोड तक निकाली गई।

इस अवसर पर नगर पंचायत के समस्त पार्षदगण, कर्मचारीगण एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने हेतु सभी ने सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन भटगांव के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम एवं स्वच्छता इकाई परिवर्तन कार्य किए जाएंगे। आज प्रथम दिन सुबह अड़बंधा गार्डन में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें अनेक लोगों ने भाग लेकर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। नगर पंचायत भटगांव का यह विशेष अभियान 02 अक्टूबर 2025 तक निरंतर जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और भटगांव को एक आदर्श नगर के रूप में स्थापित करना है।




## भाटापारा में हुआ स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शासकीय गजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा चलाए जा रहे स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ जे. एन. केशरवानी ने स्वावलंबी भारत विषय में अपने विचार व्यक्त किए। स्वदेशी जागरण मंच के जिला प्रतिनिधि सौरभ साहू ने स्वदेशी उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।



वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कोविड काल के बाद स्वदेशी के महत्व को समझाया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. शशिकरण कुजूर ने स्वदेशी उत्पादों एवं उद्यमियों के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग के लिए विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजन तिवारी ने एवं आभार प्रदर्शन सुश्री इंद्राणी मरकाम ने किया।







